# <u>जगन्नाथ रथ यात्रा</u>

# <u>रिपोर्ट</u>

आज दिनांक 7 जुलाई 2024 दिन इतवार को गुरु नानक कॉलेज, धनबाद की छात्राओं ने इस्कॉन धनबाद द्वारा आयोजित भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा (धार्मिक कार्यक्रम) में नृत्य के द्वारा भगवान श्री कृष्ण की महिमा एवं उनकी जीवन लीला की झलक दर्शाते हुए अपनी कला का सुंदर प्रदर्शन किया। गोल्फ ग्राउंड में आयोजित इस कार्यक्रम में धनबाद के कई बड़े पब्लिक स्कूल्स एवं सामाजिक संस्थाओं के छात्र-छात्राओं एवं मेंबर्स ने हिस्सा लिया। पॉलिटिकल साइंस की एचओडी एवं क्रिएटिविटी डिपार्टमेंट की टीम इंचार्ज डॉक्टर मीना मालखंडी की देखरेख में यह धार्मिक प्रस्तुति संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संजय प्रसाद स्वयं मौजूद थे। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को नमन किया एवं छात्राओं के उम्दा प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी। मौके पर कॉलेज के अन्य शिक्षक भी मौजूद थे। मेंटर की भूमिका में रहे हितेश श्रीवास्तव एवं शुभी बावेजा ने छात्राओं की प्रस्तुति को सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाई।

**<u>छात्राओं के नाम जिन्होंने नृत्य प्रस्तुत किया</u>**

(१)दीप शिखा दास

(२)श्रेया सिंह

(३)श्रेया कुमारी

(४)कोमल

(५)नेहा

(६)अमिशा

(७)तनु

(८)रूपा


जय जगन्नाथ
हरे कृष्णा


जय जगन्नाथ
हरे कृष्णा


हरे कृष्णा
जय जगन्नाथ



हरे कृष्णा
जय जगन्नाथ


जय जगन्नाथ
हरे कृष्णा


जय जगन्नाथ
हरे कृष्णा




## News Clips



**स्टीलगेट दुर्गा मंडप : जयघोष के बीच झूमते हुए भक्त प्रभु को ले गए स्टेडियम**

इस्कॉन की धनबाद शाखा ने स्टीलगेट दुर्गा मंडप में भव्य रथयात्रा निकाली। 25 हजार से ज्यादा लोग इस यात्रा के साक्षी बने। सुबह 9 बजे विग्रहों की पूजा-अर्चना शुरू हुई। सांसद ढुलू महतो की पत्नी सावित्री देवी ने स्वर्ण झाड़ू लगाने की परंपरा निभाई। विधायक राज सिन्हा ने भी स्वर्ण झाड़ू लगाया। दोपहर 12 बजे सैकड़ों भक्त रथ को खींचते हुए बढ़े। सरायढेला बाजार होते हुए रथ शाम 4 बजे रणधीर वर्मा स्टेडियम पहुंचा। वहां सांस्कृतिक व भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

Dainik Bhaskar
Dated 08-07-2024

**इस्कॉन धैया : स्टील गेट से इलेक्ट्रॉनिक रथ पर निकले प्रभु जगन्नाथ**

स्टीलगेट शिव मंदिर सरायढेला से इस्कॉन धैया द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रथ पर रथयात्रा निकाली गयी. यहां सांसद ढुलू महतो की पत्नी सावित्री देवी, धनबाद विधायक राज सिन्हा, भाजपा कार्य समिति सदस्य रागिनी सिंह, डॉ अनिल सिंह, अधिवक्ता जया कुमार समेत अन्य गणमान्य लोगों ने रथ के आगे छेरा पाहरा कर रस्म निभायी. रथयात्रा सरायढेला, आइएसएम, पुलिस लाइन, हीरापुर, रणधीर वर्मा चौक होते हुए गोल्फ ग्राउंड पहुंची. रथयात्रा के दौरान आइआइटी के छात्रों की कीर्तन टोली गाजे-बाजे के साथ कीर्तन कर माहौल भक्तिमय बना दिया. वहीं इस्कॉन से जुड़े श्रद्धालु रथ के आगे नृत्य करते हुए चल रहे थे. गोल्फ ग्राउंड में एक विशाल पंडाल के अंदर भगवान के श्री विग्रहों की स्थापना कर पूजा की गयी. मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया और भक्तों के बीच महाप्रसाद वितरित किया गया. यहां पूर्व सांसद पीएन सिंह, दुर्गा पूजा समिति स्टीलगेट के सदस्य, सूर्या रियलकॉन के संतोष सिंह व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे.

**कार्यक्रम में घुसा सांड, मची भगदड़ :** इस्कॉन धैया की ओर से गोल्फ ग्राउंड में संध्या में आयोजित कार्यक्रम में एक सांड घुस गया. इससे कार्यक्रम में भगदड़ मच गयी. इस्कॉन के सदस्य ने सांड को भगाया.

ढोल-मृदंग पर झूमे श्रद्धालु

अलकारी देवी हॉस्पिटल, धनबाद

Prabhat Khabar
Dated: 08-07-2024